**Regarding PM Gramin Rojgar Guarantee Programme**

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(नगीना) :** महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर सदन में बात रखनी है । प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बहुत अच्छा कार्यक्रम है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों के साथ महिलाओं को रोजगार मिलता है । उत्तर प्रदेश में मनरेगा के तहत जो प्रतिदिन मानदेय है, वह मात्र 237 रुपये है और उसमें महिलाओं की भागीदारी 42.26 प्रतिशत है । यह स्थानीय रोजगार उपलब्ध कराता है और अगर इसकी दैनिक मजदूरी दर को बढ़ा दिया जाए तो इसका सीधा फायदा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा और महिलाओं को मिलेगा ।

देश के कुछ अन्य राज्य, जैसे हरियाणा में 374 रुपये प्रतिदिन, गोवा में 356 रुपये प्रतिदिन, कर्नाटक में 349 रुपये प्रतिदिन, केरल में 346 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जाती है । उत्तर प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत अनस्किल्ड मजदूर भत्ता भी 400 रुपये प्रतिदिन है । अगर सरकार इस पर ध्यान दे तो मनरेगा की दैनिक मजदूरी दर भी बढ़ायी जा सकती है । 237 रुपये पर्याप्त नहीं हैं, कम से कम इसको 500 रुपये किया जाए । ऐसी मेरी सरकार से माँग है । धन्यवाद ।